SET **A**

P/A/II/2013

अनुक्रमांक Roll No.						

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Booklet No. 5053107

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक ऊपर दिए गए खानों में लिखे ↑
Candidate should write his/her Roll No. in the box above.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **32**
कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**

समय / Time : **2 घण्टे / Hrs.** पूर्णांक / Total Marks : **200**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं — अंग्रेजी व हिन्दी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न-पत्र में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरा प्रश्न-पत्र माँग ले ।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
5. प्रश्न-पत्र के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पत्र में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न-पत्र में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरा प्रश्न-पत्र माँग ले ।
6. प्रदत्त उत्तर शीट पर दिये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तद्नुसार अंकित करें ।
7. कृपया उत्तर शीट पर निर्धारित स्थानों पर निर्धारित प्रविष्टियाँ कीजिये, अन्य स्थानों पर नहीं ।
8. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पत्र के अंत में दिए गए पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर पुस्तिका पर भी नहीं ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिंदी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से अंग्रेजी रूपांतर मानक माना जायेगा ।

Instructions to the Candidates

1. This Question-booklet is printed in English & Hindi languages. Candidates should select any one of the two versions according to their convenience.
2. The question paper contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the question paper, otherwise he should ask for another question paper.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the question paper. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the question paper, otherwise he should ask for another question paper.
6. Read carefully the instructions given on the answer sheet supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the answer sheet only at the places indicated and nowhere else.
8. Examinees should do all rough work on the space meant for rough work on the pages given at the end of the question paper and nowhere else, not even on the answer sheet.
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

II-A

निर्देश (प्र.सं. 1-4) : निम्न में से प्रत्येक शब्द के लिये एक संदर्भ उपस्थित है । नीचे दिये गये विकल्पों में से वह विकल्प चुनिये जो तत्सम्बंधित संदर्भ में शब्द के अर्थ के सर्वाधिक निकट हो ।

1. दृढ़ांग : क्रीड़ा-प्रतियोगी का शरीर दृढ़ांग है ।

(A) सशक्त

(B) स्वस्थ

(C) दृढ़संकल्पित

(D) मजबूत

2. सर्वहारा : सामाजिक विकास के क्रम में सर्वहारा वर्ग का अधिनायकत्व एक पड़ाव है ।

(A) पूँजीवादी

(B) कामगार वर्ग

(C) मजदूर संघ

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. नारीवाद : नारीवाद एक आंदोलन है किसी विशेष प्रकार के सामाजिक परिवर्तन के लिये ।

(A) नारी अधिकारों के विरुद्ध सिद्धान्त ।

(B) एक सिद्धान्त जो स्त्री एवं पुरुष के बीच के अन्तर को स्पष्ट करता है ।

(C) एक सिद्धान्त जो महिलाओं के बीच से गरीबी उन्मूलन पर बल देता है ।

(D) एक सिद्धान्त जो नारी के अधिकारों का पक्षधर है ।

4. कहानी-किस्सा : उसने अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिये किस्सा-कहानी गढ़ ली ।

(A) कहानी

(B) सूत का धागा

(C) मजबूत कपड़ा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. संचार के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) संचार समाज के लिये वैकल्पिक है ।

(B) संचार समाज के दीर्घकालिक संबंधों के बारे में होता है ।

(C) संचार एवं समाजीकरण एक ही बात है ।

(D) संचार के क्षेत्र में सर्वाधिक विकास 21वीं सदी में हुआ है ।

6. संचार एक सतत गत्यात्मक प्रक्रिया है । निम्न में से यह किनके मध्य समन्वय स्थापित करता है ?

(A) समाचार और स्रोत

(B) प्रेषक, प्राप्तकर्ता और संदेश

(C) प्रेषक और प्राप्तकर्ता

(D) स्रोत, समाचार और माध्यम

7. निम्नलिखित में से कौन अंतरवैयक्तिक संचार के संभावित परिणाम नहीं हो सकते ?

(A) श्रोता संदेश से पूरी तरह सहमत हो ।

(B) श्रोता संदेश से न तो सहमत है और न ही असहमत ।

(C) श्रोता संदेश से आंशिक रूप में सहमत है ।

(D) श्रोता संदेश समझता नहीं ।

8. विज्ञापन के उद्देश्यों पर विचार कीजिये और निम्न में से सही विकल्प चुनिये ।

(i) लोगों की स्मृति को पुन: जागृत करना ।

(ii) उत्पाद के बारे में जागृति पैदा करना ।

(iii) राष्ट्रीय परिदृश्य पर किसी उत्पाद की स्थापना ।

(iv) उत्पाद के लिये नवीन बाजार का सृजन करना ।

(A) मात्र (i)

(B) मात्र (iv)

(C) उपरोक्त उद्देश्यों में से कोई नहीं ।

(D) उपरोक्त सभी उद्देश्य ।

9. निम्न विकल्पों में से सही क्रम वाला विकल्प चुनें ।

(i) घर सड़क के उस पार था ।

(ii) उसने उद्यान को पहचान लिया ।

(iii) वह समझ गया कि वह कहाँ है ।

(iv) वह इलाहाबाद में ही तो था ।

(v) लाउदर रोड़ पर ।

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(B) (ii), (iii), (iv), (v), (i)

(C) (iii), (ii), (v), (iv), (i)

(D) (i), (iii), (v), (iv), (ii)

10. निम्नलिखित में से कौन सा सम्प्रेषण के लिये बाधक नहीं है ?

(A) प्रतिपुष्टि

(B) परिवेश प्रभाव

(C) शोर

(D) मतांधता

11. सम्प्रेषण के व्यवधान में सम्मिलित है :

I. सूचना फिल्टर करना

II. क्षमता से अधिक सूचना

III. रक्षात्मकता

IV. उद्देश्य की सत्यनिष्ठा

निम्नलिखित में से सही कोड छाँटिये :

(A) केवल II, III तथा IV

(B) केवल I, III तथा IV

(C) केवल I, II तथा III

(D) उपर्युक्त सभी

12. निम्नलिखित में से कौन सा सम्प्रेषण में संदेश का भाग नहीं है ?

(A) भंगिमा

(B) भाव-भंगिमा

(C) संकेत

(D) सक्रियता से सुनना

13. एकाधिकार का लक्षण प्रतिस्पर्धा का अभाव होता है । ए बी सी कम्पनी को यह भान है कि उसके क्रियाकलाप प्रतिस्पर्धी उद्योगों के मध्य हैं ।

उपर्युक्त कथन से निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष हो सकता है ?

(A) ए बी सी कम्पनी का बाजार एकाधिकारी है ।

(B) एकाधिकार की परिभाषा कहती है कि एक ही विक्रेता बाजार में उपस्थित है ।

(C) ए बी सी कम्पनी एक पब्लिक कम्पनी है ।

(D) ए बी सी कम्पनी घाटे की कम्पनी है ।

14. पटना की एक रैली में प्रत्याशी A ने उद्घोष किया : "रैली में आये सभी लोग मेरे साथ हैं । ऐसा लगता है कि मैं ही जीतूँगा ।"

निम्न में से कौन सा कथन यदि सत्य है तो निष्कर्ष का सर्वाधिक संवर्धन करता है ?

(A) A के प्रतिस्पर्धी भी रैली में उपस्थित थे ।

(B) A चुनाव में कभी हारा नहीं था ।

(C) रैली में A के क्षेत्र के लगभग सभी रहवासी उपस्थित थे ।

(D) A को स्थानीय ग्राम प्रधान का समर्थन प्राप्त था ।

15. रमेश बहुत बुरा चालक है । पिछले वर्ष उसने कम से कम छः बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया । उपर्युक्त दावे के संदर्भ में निम्न में से किसे सही कहा जा सकता है ?

(A) तर्क जिस पूर्वधारणा पर आधारित है वह स्पष्ट उल्लेखित न होकर निहित है ।

(B) तर्क के पक्ष में भौतिक साक्ष्य नहीं है ।

(C) तर्क धूमिल है ।

(D) तर्क स्वयं तर्कसंगत नहीं है ।

16. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ।

2, 12, 36, ?, 150

(A) 72

(B) 80

(C) 54

(D) 84

17. नीचे दर्शाये अनुसार विभिन्न चिह्नों के लिये अलग-अलग अक्षर हैं :

R : योग S : व्यवकलन

T : गुणन U : भाग

V : बराबर W : से अधिक है

X : से कम है

उपर्युक्त प्रतीक चिह्नों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प गलत है ?

(A) 16R2S4V6R8

(B) 20R4U4S2W3

(C) 15U5W3R2T3

(D) 30R6U2W4T5

18. निम्नलिखित वर्णमाला श्रेणी में लुप्त पद है :

AYBZC, DWEXF, GUHVI, JSKTL, ...

(A) MQORN (B) MQNRO

(C) NQMOR (D) QMONR

19. दी गई निम्न श्रेणी में कुछ अक्षर लुप्त हैं जो कि दिये गये चार विकल्पों में से एक में क्रम से दिये गये हैं । सही विकल्प है :

a_bc_a_bcda_ccd_bcd_

(A) acbdbb (B) adbcad

(C) adbbad (D) abddbd

20. आप्रवासन, आगमन से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार उत्प्रवासन _____ से संबंधित है ।

(A) उत्प्रवासी (B) मूल निवासी

(C) प्रस्थान (D) विदेशीय

21. तसवीर की तरफ उँगली दिखाते हुए एक औरत ने कहा, "इस पुरुष के बेटे की बहन मेरी सास है ।" उस महिला के पति का तसवीर वाले पुरुष से क्या रिश्ता है ?

(A) नाती/पोता (B) बेटा

(C) दामाद (D) भतीजा/भाँजा

22. राम ने श्याम से कहा, "कल मैंने अपनी नानी/दादी की लड़की के इकलौते भाई को हरा दिया" । राम ने रिश्ते में किसे पराजित किया ?

(A) बेटा

(B) पिता

(C) भाई

(D) ससुर

निर्देश : निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिये गये प्रश्नों **(23-25)** के उत्तर दीजिए :

एक शहर की सभी सड़कें या तो एक दूसरे के लम्बवत हैं या समान्तर । सभी सड़कें सीधी हैं । A, B, C, D तथा E सड़कें एक दूसरे के समान्तर हैं । G, H, I, J, K, L तथा M सड़कें एक दूसरे के समान्तर हैं ।

(i) सड़क A, सड़क B के पूर्व में 1 किमी पर है ।

(ii) सड़क B, सड़क C के पश्चिम में ½ किमी पर है ।

(iii) सड़क D, सड़क E के पश्चिम में 1 किमी पर है ।

(iv) सड़क G, सड़क H के ½ किमी दक्षिण में है ।

(v) सड़क I, सड़क J के 1 किमी उत्तर में है ।

(vi) सड़क K, सड़क L के ½ किमी उत्तर में है ।

(vii) सड़क K, सड़क M के 1 किमी दक्षिण में है ।

23. निम्न में से कौन आवश्यक रूप से सत्य है ?

(A) E और B आपस में मिलती हैं ।

(B) D, B के 2 किमी पश्चिम में है ।

(C) D, A के कम से कम 2 किमी पश्चिम में है ।

(D) M, L के 1.5 किमी उत्तर में है । Ans

24. यदि E, B और C के मध्य है तो निम्न में से कौन सा असत्य है ?

(A) D, A के 2 किमी पश्चिम में है ।

(B) C, D से 1.5 किमी से कम दूरी पर है ।

(C) E से C की दूरी में E से B की दूरी का जोड़ ½ किमी है ।

(D) E, A से 1 किमी से कम दूरी पर है ।

25. यदि सड़क E, B और C के मध्य है तो A तथा D के मध्य की दूरी है

(A) ½ किमी

(B) 1 किमी

(C) 1.5 किमी

(D) 1.5 से 2 किमी

26. यहाँ स्तम्भ A तथा स्तम्भ B में दो राशियाँ दी गई हैं । आपको इन दो राशियों में तुलना कर चिह्नित करना है :

(A) यदि स्तम्भ A की राशि सदैव स्तम्भ B की राशि से अधिक है ।

(B) यदि स्तम्भ B की राशि सदैव स्तम्भ A की राशि से अधिक है ।

(C) यदि राशियाँ सदैव समान हैं ।

(D) यदि दी गई सूचना के आधार पर तुलना करना संभव न हो ।

स्तम्भ A	**स्तम्भ B**
बहुभुज में विकर्णों की संख्या	बहुभुज में भुजाओं की संख्या

27. सात मित्र A, B, C, D, E, F तथा G दक्षिण की तरफ मुँह करके एक पंक्ति में इस प्रकार बैठे हैं कि

I. A, G के तुरन्त बायीं तरफ है ।

II. G, C के बायीं तरफ चौथे स्थान पर है ।

III. D, B तथा F के मध्य में है ।

IV. C, जो कि B के दायीं तरफ तीसरे स्थान पर है, वह एक सिरे पर है ।

निम्न में से E की सही स्थिति है :

(A) A के तुरन्त दायीं तरफ है ।

(B) F के तुरन्त बायीं तरफ है ।

(C) F तथा G के मध्य में है ।

(D) D के बायें में चौथे स्थान पर है ।

निर्देश : (प्रश्न संख्या **28-30**) निम्नलिखित सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(i) A, B, C, D, E, F तथा G एक परिवार के सात सदस्य हैं ।

(ii) इनमें से छ: का अलग-अलग अकाउंटेन्ट, वकील, अध्यापक, मैनेजर, डॉक्टर, इन्जीनियर का व्यवसाय है और एक विद्यार्थी है ।

(iii) परिवार में दो विवाहित जोड़े हैं ।

(iv) A और F का व्यवसाय क्रमश: अकाउंटेन्ट व डॉक्टर का है ।

(v) D, B के पिता और G का दादा/नाना है और इन्जीनियर है ।

(vi) कोई भी महिला न तो इन्जीनियर है और न ही वकील है ।

(vii) G, जो विद्यार्थी है E का पोता/नाती है ।

28. C का G से क्या सम्बन्ध है ?

(A) अपर्याप्त आँकड़े (B) चाची/मामी का
(C) बहन का (D) माँ का

29. परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं ?

(A) 4 (B) 5
(C) 3 (D) अपर्याप्त आँकड़े

30. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म विवाहित जोड़ा है ?

(A) BE (B) DE
(C) BD (D) AC

31. निम्नलिखित चित्र में त्रिभुजों की संख्या कितनी है ?



(A) 26
(B) 23
(C) 28
(D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : (**32-36**) नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़ने के पश्चात् दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिये :

निर्देश : सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V प्रतिदिन एक विशेष गाड़ी से अपने-अपने कार्यालय जाते हैं । यह गाड़ी क्रमश: पाँच स्टेशनों पर रुकती है - रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी । गाड़ी इन स्टेशनों से पूर्व अपने मूल स्टेशन से चलती है ।

(i) तीन व्यक्ति गाड़ी में मूल स्टेशन से चढ़ते हैं ।

(ii) U जिस स्टेशन पर उतरता है उसके अगले स्टेशन पर S उतरता है ।

(iii) Q न तो P और न ही T के साथ उतरता है ।

(iv) V अकेला कटनी में चढ़ता है और R के साथ एक स्टेशन गुजरने के बाद उतरता है ।

(v) P मात्र दो लगातार स्टेशनों की यात्रा करने के बाद इटारसी उतर जाता है ।

(vi) सतना में कोई भी नहीं चढ़ता ।

(vii) R, U के साथ तो चढ़ता है परन्तु Q और S के साथ नहीं चढ़ता ।

(viii) T दो व्यक्तियों के साथ चढ़ता है परन्तु अकेले उतरता है S के उतरने के बाद ।

(ix) Q और S एक ही कार्यालय में काम करते हैं और कटनी साथ उतरते हैं ।

(x) रीवा पर कोई भी नहीं उतरता ।

32. T किस स्टेशन पर उतरता है ?

(A) सतना (B) कटनी
(C) जबलपुर (D) अपर्याप्त आँकड़े

33. R और U किस स्टेशन पर चढ़ते हैं ?

(A) रीवा (B) सतना
(C) कटनी (D) अपर्याप्त आँकड़े

34. Q और S किस स्टेशन पर चढ़ते हैं ?

(A) रीवा (B) मूल स्टेशन
(C) कटनी (D) अपर्याप्त आँकड़े

35. कितने स्टेशन गुजरने के बाद T उतरता है ?

(A) एक
(B) दो
(C) चार
(D) इनमें से कोई नहीं

36. U के उतरने के कितने स्टेशनों के बाद T उतरता है ?

(A) अगला स्टेशन
(B) तीन
(C) दो
(D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : नीचे दिये प्रश्न संख्या **37** से **40** तक, प्रत्येक प्रश्न में पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएँ क्र. I और क्र. II दी गयी हैं । आपको दिये गये कथन और उसके नीचे दी गयी पूर्वधारणाओं पर विचार करने के बाद तय करना है कि कौन सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है ?

(A) केवल पूर्वधारणा I अन्तर्निहित है ।

(B) केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है ।

(C) न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है ।

(D) दोनों ही पूर्वधारणाएँ I और II अन्तर्निहित हैं ।

37. **कथन** : एक राष्ट्रीय बैंक ने राष्ट्रीय दैनिक में एक विज्ञापन जारी किया कि पात्र उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंट के 120 पदों के लिये आवेदन करें ।

पूर्वधारणा I : पात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट इस विज्ञापन का प्रत्युत्तर देंगे ।

पूर्वधारणा II : राष्ट्रीयकृत बैंक में नियुक्ति चाहने वाले पात्र चार्टर्ड अकाउंटेंट पर्याप्त संख्या में होंगे ।

38. **कथन** : अपने वाहन से कार्यस्थल पर जाने वाले लोगों को आकर्षित करने के लिये नगर परिवहन निगम ने विभिन्न मार्गों पर वातानुकूलित बसें शुरू की हैं । इससे सड़कों पर कम भीड़ होगी ।

पूर्वधारणा I : अधिकांश लोग अब भी अपने वाहन से कार्यस्थल पर जाना पसंद करेंगे ।

पूर्वधारणा II : अपने कार्यस्थल पर जाने के लिये बहुत से लोग अब इन बसों का विकल्प चुनेंगे ।

39. **कथन** : बहुत सी संस्थाओं ने परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति अपना ली है ।

पूर्वधारणा I : हो सकता है देश के सभी भागों के उम्मीदवार कम्प्यूटर में पारंगत हों ।

पूर्वधारणा II : परीक्षा की ऑन-लाइन पद्धति से अधिक योग्य लोगों की भर्ती करने में मदद मिलती है ।

40. **कथन** : नगर प्राधिकरण ने लोगों को सूचित किया है कि मानसून के मौसम के दौरान पानी से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये पीने के पानी को पीने से पहले उबाल लेना चाहिये ।

पूर्वधारणा I : लोग अभी भी पीने के पानी को उबाले बिना पियेंगे ।

पूर्वधारणा II : लोग नगर प्राधिकरणों द्वारा ऐसी सूचनाओं को आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं ।

निर्देश : नीचे दिये प्रश्न **41** से **45** तक प्रत्येक प्रश्न में एक कथन के बाद दो तर्क I और II दिये गये हैं । आपको यह तय करना है कि कौन सा तर्क 'ठोस' और कौन सा तर्क 'निर्बल' है, अपने निर्णय के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों में से एक विकल्प चुनिये :

(A) तर्क I ठोस है ।

(B) तर्क II ठोस है ।

(C) तर्क I और II दोनों ठोस हैं ।

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II ठोस है ।

41. **कथन** : क्या भारत को अत्याधुनिक परमाणु शस्त्रों को अर्जित करना चाहिये ?

तर्क I : हाँ, भारत के शत्रु स्वयं के हथियारों में निरंतर सुधार ला रहे हैं ।

तर्क II : नहीं, यह हमारी विश्व शांति बनाये रखने की नीति के विपरीत होगा ।

42. **कथन** : क्या प्रयोगशाला-परीक्षण के बहाने जानवरों को मारना चाहिये ?

तर्क I : हाँ, वे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं ।

तर्क II : नहीं, हम सदैव अहिंसा के समर्थक रहे हैं ।

43. **कथन** : क्या म्यूचुअल फंड को सरकार के नियंत्रण में लाना चाहिये ?

तर्क I : हाँ, यह एकमात्र उपाय है जिससे निवेशकर्ता की अभिरुचि को बनाये रखा जा सकता है ।

तर्क II : नहीं, सरकार इसे सम्भालने में समर्थ नहीं होगी ।

44. **कथन** : क्या सरकार को सभी धरना एवं प्रदर्शन पर रोक लगा देनी चाहिये ?

तर्क I : नहीं, सरकार को नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिये ।

तर्क II : हाँ, यही एकमात्र तरीका है जिससे अधिकाधिक उत्पादन संभव हो पायेगा ।

45. **कथन** : क्या भारत में स्कूल की शिक्षा को कानूनी रूप से अनिवार्य कर देना चाहिये ?

तर्क I : हाँ, पूरे राष्ट्र को शिक्षित बनाने का यही एकमात्र तरीका है ।

तर्क II : नहीं, पूरे राष्ट्र को शिक्षित करने के लिये हमारे पास आधारभूत संसाधन नहीं हैं ।

46. चार बच्चों को एक कतार में कितनी तरह से खड़ा किया जा सकता है कि दो बच्चे M और N हमेशा साथ हों ?

(A) 6
(B) 12
(C) 18
(D) 24

47. एक मीटिंग के दौरान एक गाँव का नक्शा कुछ इस तरह रखा गया कि दक्षिण-पूर्व, उत्तर बन गया, उत्तर-पूर्व, पश्चिम बन गया इत्यादि । ऐसे में दक्षिण क्या बन जायेगा ?

(A) उत्तर
(B) उत्तर-पूर्व
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) पश्चिम

48. एक घनाकृति (क्यूब) के 6 फलक भिन्न-भिन्न रंग के हैं । लाल फलक के विपरीत काला फलक है । नीले फलक का समीपवर्ती फलक सफेद है । भूरा फलक नीले का समीपवर्ती है । लाल फलक नीचे की ओर है । भूरे फलक के ठीक विपरीत कौन सा फलक होगा ?

(A) लाल
(B) काला
(C) सफेद
(D) नीला

49. एक घड़ी के घंटे एवं मिनट वाले काँटे 1.00 बजे अपराह्न से 10.00 बजे अपराह्न की समयावधि में अपनी गति के दौरान कितनी बार एक दूसरे के लम्बवत स्थिति में होते हैं ?

(A) 9
(B) 16
(C) 18
(D) 20

50. एक व्यक्ति को सही निशाना लगाने पर एक रुपया मिलता है और निशाना चूकने पर उससे एक रुपया ले लिया जाता है । यदि 100 बार निशाने लगाने के बाद खेल के अन्त में उसके पास कुल 30 रुपये हैं तो उसका निशाना कुल कितनी बार चूका ?

(A) 25
(B) 35
(C) 40
(D) 45

51. आप एक मॉल में घुसने वाले थे कि आपको बंदूक चलने की आवाज आयी और उसी समय तीन लोग मॉल से बाहर आते दिखे । वे एक सफेद कार में सवार होकर भाग निकलते हैं । आप उस कार का नम्बर नोट कर लेते हैं । मॉल में प्रवेश के बाद आपको पता चलता है कि एक व्यक्ति को गोली मारकर लूटा गया है । व्यक्ति घायल तो है परन्तु हालत गंभीर नहीं है । ऐसी अवस्था में आप :

(A) अपना कार्य यथावत करते रहेंगे क्योंकि अन्य लोग पीड़ित की सहायता कर रहे हैं और सी.सी.टी.वी. पर घटना रिकार्ड हो गयी है ।
(B) सहायता की पेशकश कर पीड़ित को अस्पताल ले जायेंगे ।
(C) घटना की जानकारी देकर पुलिस को बुलाएँगे, उन्हें उस कार का नम्बर देंगे और एम्बुलेंस भी बुलायेंगे ।
(D) मॉल प्रबंधन/सुरक्षाकर्मी को सूचित कर उनसे तत्काल कार्यवाही की माँग करेंगे ।

52. कार्यालय में दो कर्मचारियों के बीच बहस की बात आपको मालूम होती है । एक तीसरे कर्मचारी से यह जानकारी मिलती है कि इनके बीच वैचारिक मतभेद का प्रभाव कार्यालय के कार्य पर पड़ रहा है । आप ऐसे में क्या करेंगे ?

(A) मुद्दे की जानकारी के लिये दोनों कर्मचारियों से बात करेंगे ।

(B) आप सभी कर्मचारियों से बात कर समस्या की तह तक जायेंगे ।

(C) दोनों कर्मचारियों को चेतावनी देंगे कि भविष्य में सख्त कार्यवाही करेंगे ।

(D) दोनों कार्मिकों को ऐसे वार्तालाप से दूर रहने का कहेंगे ताकि कार्यालय का वातावरण दूषित ना हो ।

53. आप किसी सरकारी विभाग में अधिकारी हैं । आपकी जानकारी में आता है कि लम्बी दूरी के टेलीफोन कॉल का बिल आया है जो एक कर्मचारी विशेष द्वारा किया गया है । आप क्या करेंगे ?

(A) कर्मचारी को बिल भुगतान का आदेश देंगे ।

(B) कर्मचारी को आगे से ऐसा नहीं करने की चेतावनी देंगे ।

(C) कार्यालय के फोन को लम्बी दूरी की कॉल से प्रतिबन्धित करवा देंगे ।

(D) कर्मचारी से ऐसी कॉलों का कारण पूछेंगे ।

54. आप ग्रामीण जिले में एक अधिकारी हैं । आप के ऊपर जिले के ग्रामीण विकास की जिम्मेदारी है । आपके संज्ञान में यह आता है कि आपके ऑफिस और क्षेत्र के कर्मचारी पूरी दक्षता से कार्य निष्पादन नहीं कर रहे हैं । ऐसी अवस्था में आप क्या करेंगे ?

(A) ऑफिस एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों को डाँटेंगे ।

(B) उनको अधिक श्रम करने के लिये अभिप्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे ।

(C) कुछ न करते हुए जो चल रहा है चलने देंगे ।

(D) उन्हें भौतिक प्रोत्साहन देंगे ।

55. आप एक सरकारी अधिकारी हैं । आपको अपने अधीनस्थ के विरुद्ध एक शिकायत प्राप्त होती है । आप क्या करेंगे ?

(A) उसे निलम्बित करेंगे ।

(B) उसके विरुद्ध शिकायत के संदर्भ में एक जाँच बैठायेंगे ।

(C) उसे दण्डित करेंगे ।

(D) शिकायत को नजरअंदाज करेंगे ।

56. आपके बॉस ने आपसे कुछ काम करने को कहा इसके लिए आपको शहर से बाहर जाना है । उसी समय आपका बच्चा अचानक बीमार पड़ जाता है । ऐसी अवस्था में आप क्या करेंगे ?

(A) छुट्टी लेकर घर जायेंगे ।

(B) अपने बॉस को बता देंगे कि अभी आपके लिये घर छोड़ना संभव नहीं है ।

(C) शहर से बाहर जाने को तैयार हो जायेंगे ।

(D) अपने बॉस को स्थिति से अवगत कराने के बाद कार्यक्रम बनायेंगे ।

57. आप एक ऑटोमोबाइल कम्पनी में कार्यरत हैं । आपने एक दक्ष तकनीक खोजी एवं विकसित की है, परन्तु बैठक में आपके बॉस ने घोषणा की कि यह तकनीक उसके बेटे ने विकसित की है । आप ऐसे में क्या करेंगे ?

(A) नौकरी छोड़कर चले जायेंगे ।

(B) चिल्लाकर सभी को बतायेंगे कि तकनीक आपने खोजी है ।

(C) अपने सहकर्मियों को बुलाकर स्पष्ट करेंगे कि यह तकनीक आपने बनाई है ।

(D) अपने बॉस से उनके झूठ का कारण पूछेंगे और भविष्य के लिये सतर्क रहकर योजना बनायेंगे ।

58. आप एक मतदान केंद्र के कार्यकारी अधिकारी हैं । मतदान के दौरान एक माओवादी दल आकर मतदाताओं को डराता धमकाता है और हवा में गोलियाँ चलाता है । आप ऐसे में क्या करेंगे ?

(A) मतदान तुरंत बंद करवा देंगे ।

(B) वहाँ तैनात पुलिस दल को सूचित कर सभी महत्त्वपूर्ण दस्तावेज उन्हें सुरक्षित करने को कहेंगे ।

(C) माओवादियों का बलपूर्वक विरोध करने के लिए पुलिस से कहेंगे ।

(D) माओवादियों को जो चाहिये देकर जीवन रक्षा करेंगे ।

59. एक विद्यार्थी कॉलेज द्वारा निष्कासित किये जाने के बाद आत्मदाह की कोशिश करता है । भीड़ उसे आत्मदाह के लिये उकसा रही है । आप एक पुलिस अफसर के रूप में वहाँ सबसे पहले पहुँचते हैं । आप ऐसी अवस्था में क्या करेंगे ?

(A) विद्यार्थी को डाँटने के पश्चात् उसे वहाँ से भगा देंगे ।

(B) विद्यार्थी को गिरफ्तार करने के बाद उसे एक मनोचिकित्सक की सेवाएँ दिलायेंगे ।

(C) विद्यार्थी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य के पास जायेंगे ।

(D) लाठीचार्ज का आदेश देने से पूर्व और पुलिस बल के आने का इन्तजार करेंगे ।

60. सरकार ने एक आदेश निकालकर सभी प्राइवेट अस्पतालों को गरीब मरीजों का इलाज मुफ्त करने को अनिवार्य बनाया है । सरकारी अधिकारी के रूप में आपके पास यह शिकायत आती है कि शहर के प्राइवेट अस्पतालों में आज भी पूर्व की भाँति गरीब मरीजों से पैसे वसूले जा रहे हैं । आप ऐसी अवस्था में क्या कार्यवाही करेंगे ?

(A) आप ऐसे सभी अस्पतालों को बंद करवा देंगे ।

(B) इसमें लिप्त कुछ डॉक्टरों की गिरफ्तारी के आदेश देंगे ।

(C) ऐसे अस्पतालों के प्रबंधकों की एक बैठक बुलाकर उन्हें सरकारी आदेश का पालन करने की हिदायत देंगे ।

(D) इन अस्पतालों के डॉक्टरों के प्रेक्टिस लाइसेंस रद्द करने का आदेश देंगे ।

61. किसी सप्ताह विशेष में सोमवार से बुधवार का औसत तापमान 27 °C था और मंगलवार से गुरुवार तक औसत तापमान 24 °C था । यदि गुरुवार का तापमान सोमवार के तापमान का 2/3 है, तो गुरुवार का तापमान था :

(A) 9 °C

(B) 20 °C

(C) 18 °C

(D) इनमें से कोई नहीं

62. मापक स्केल की अधिकतम लम्बाई जो 3 मी., 5 मी. 10 सेमी. तथा 12 मी. 90 सेमी. कपड़ों का पूरा-पूरा एवं सटीक मापन कर सके, है :

(A) 1 मी.

(B) 3 मी.

(C) 30 सेमी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. एक व्यक्ति अपनी कुल यात्रा का 1/4 हिस्सा स्कूटर से, 3/8 हिस्सा कार से और बाकी बचे 48 किमी. बस से तय करता है । उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी है :

(A) 148 किमी (B) 168 किमी

(C) 127 किमी (D) 128 किमी

64. निम्न में से कौन सी भिन्न 1/3 से कम है ?

(A) $\frac{22}{63}$ (B) $\frac{4}{11}$

(C) $\frac{15}{46}$ (D) $\frac{33}{98}$

65. $\dfrac{\frac{2}{3} \div \frac{5}{6} \text{ का } 0.75}{\frac{2}{3} \div 0.75 \times \frac{5}{6}} - \frac{2}{3} \times 1.24$ का मान है :

(A) $\frac{46}{75}$ (B) $\frac{13}{75}$

(C) $\frac{26}{75}$ (D) इनमें से कोई नहीं

66. एक व्यक्ति की दैनिक मज़दूरी में 15% की वृद्धि की गई । उस व्यक्ति को अब ₹ 230 प्रतिदिन मिलने लगे । वृद्धि के पूर्व उसकी दैनिक मज़दूरी कितनी थी ?

(A) ₹ 202 (B) ₹ 210

(C) ₹ 212 (D) ₹ 200

67. एक बल्लेबाज सत्र के आखिरी टेस्ट मैच के पहले 750 रन बना चुका था । अपनी मैच की अन्तिम दो पारियों में वह मात्र 6 रन बनाता है, तो उसका औसत 2 रन कम हो जाता है । उसका सत्र का अन्तिम औसत है :

(A) 30 रन

(B) 25 रन

(C) 28 रन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

68. एक थैले में एक रुपये, पचास पैसे, पच्चीस पैसे और दस पैसे के सिक्के 1 : 3 : 5 : 7 अनुपात में भरे हैं । यदि थैले में कुल रकम ₹ 22.25 है, तो थैले में पचास पैसे के सिक्कों की संख्या है :

(A) 15 (B) 25

(C) 35 (D) 5

69. यदि 4 आदमी मिलकर 40 एकड़ फसल 30 दिनों में काट सकते हैं तो 18 आदमी, 12 दिनों में कितने एकड़ फसल काट लेंगे ?

(A) 72 एकड़ (B) 120 एकड़

(C) 160 एकड़ (D) 20 एकड़

70. 25 वस्तुओं का क्रय मूल्य 20 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है । लाभ प्रतिशत है

(A) 20%

(B) 25%

(C) न हानि, न लाभ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. नीचे दिये गये दण्ड चित्र में एक कम्पनी द्वारा प्रति वर्ष साइकिल उत्पादन के आँकड़े दर्शाये गये हैं । वर्ष 2011 और 2012 के मध्य कितने प्रतिशत उत्पादन में गिरावट आयी, चित्र का अध्ययन कर बताइये ।



(A) 20% (B) 30%

(C) 15% (D) 25%

निर्देश : (प्रश्न संख्या **72** से **74**) **:** नीचे दी गयी तालिका में भारत की छः प्रमुख उर्वरक उत्पादन कम्पनियों द्वारा वर्ष 2012 में अप्रैल से लेकर अगस्त तक महीनेवार उत्पादन दिया गया है । इस तालिका का ध्यान से अध्ययन करने के उपरांत नीचे दिये गये प्रश्नों **(72-74)** के उत्तर दीजिये ।

उत्पादन लाख टनों में

महीना	कम्पनी					
	I	II	III	IV	V	VI
अप्रैल	310	180	169	137	140	120
मई	318	179	177	162	140	122
जून	320	160	188	173	135	130
जुलाई	326	167	187	180	146	130
अगस्त	327	150	185	178	145	128

72. किस कम्पनी में उत्पादन में माह दर माह लगातार वृद्धि हुई ?

(A) I

(B) II

(C) III

(D) IV

73. जून माह में कितनी कम्पनियाँ ऐसी थीं जिनकी उर्वरक उत्पादन में हिस्सेदारी कम्पनी के कुल उत्पादन का 25% से अधिक थी ?

(A) दो

(B) तीन

(C) कोई नहीं

(D) आँकड़े अपर्याप्त

74. कम्पनी नम्बर II की सकल उत्पादन में हिस्सेदारी किस माह में कुल उर्वरक उत्पादन का लगभग 15% थी ?

(A) किसी माह में नहीं

(B) मई

(C) जून

(D) अप्रैल

निर्देश : नीचे दिये गये पाई चित्र का अध्ययन कीजिये और प्रश्न संख्या **75, 76** और **77** का उत्तर दीजिये :



75. यदि विविध शुल्क (खर्च) ₹ 6,000 है, तो विज्ञापन शुल्क (खर्च) क्या होगा ?

(A) ₹ 9,000

(B) ₹ 27,000

(C) ₹ 1,333.33

(D) ₹ 15,000

76. यदि छपाई की लागत ₹ 17,500 है, तो रॉयल्टी कितनी होगी ?

(A) ₹ 7,500

(B) ₹ 15,000

(C) ₹ 3,500

(D) ₹ 750

77. यदि किताब के विक्रय से प्राप्त कुल राशि जिसमें कि उत्पादन लागत पर 30% लाभांश निहित है ₹ 97,500 है, तो कुल रॉयल्टी कितनी होगी ?

(A) ₹ 6,500

(B) ₹ 14,625

(C) ₹ 11,250

(D) इनमें से कोई नहीं

निर्देश : निम्नलिखित लेखांश को पढ़िये और उसके उपरान्त दिये गये प्रश्नों (प्रश्न **78-82**) के उत्तर दीजिये । इन प्रश्नों के उत्तर केवल लेखांश पर आधारित होने चाहिये ।

अधिकारों का सही स्रोत कर्तव्य भावना होती है । यदि हम सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो अधिकारों को प्राप्त करना कठिन नहीं होगा । यदि हम कर्तव्यों का निर्वहन किये बिना अधिकारों के पीछे भागते हैं तो वे भी काफूर हो जाएँगे । हम जितना उनके पीछे भागेंगे वे उतना ही दूर उड़ जाएँगे ।

मेरे लिये राजनीतिक शक्ति अपने आप में लक्ष्य नहीं है बल्कि एक साधन है जो लोगों के जीवन के प्रत्येक आयाम को बेहतर बनाता है । राजनीतिक शक्ति का आशय उस क्षमता से है जो राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय जीवन का नियमन करती है । यदि राष्ट्रीय जीवन इतना श्रेष्ठ हो जाता है कि स्वनियमित रहे तो प्रतिनिधित्व की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और इस स्थिति में एक प्रबुद्ध अराजकता की अवस्था निर्मित हो जाती है । ऐसी अवस्था में प्रत्येक व्यक्ति स्वयं का शासक होता है । वह अपने आपको इस तरह शासित करता है कि अपने पड़ोसी के लिये कभी भी अवरोध न बने । थोरो का कथन है : "वह सरकार सबसे अच्छी है जो सबसे कम शासन करती है ।"

78. उपर्युक्त गद्यांश से कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(A) अधिकार कर्तव्यों का अनुसरण करते हैं ।

(B) कर्तव्य जो अच्छी तरह नहीं निभाये गये का आशय होता है अच्छी तरह निभाये गये अधिकार ।

(C) अच्छी तरह निभाये गये कर्तव्यों का आशय होता है अच्छी तरह निभाये गये अधिकार ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

79. उपर्युक्त गद्यांश के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सा सही है ?

(A) राजनीतिक शक्ति व्यक्तिगत जीवन के बारे में है ।

(B) राजनीतिक शक्ति लोगों के सामान्य कल्याण के लिए है ।

(C) सामाजिक स्थितियाँ, राजनीतिक शक्ति का निर्धारण करती हैं ।

(D) राजनीतिक शक्ति का संबंध साध्य से होता है ।

80. उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(A) राष्ट्रीय जीवन का नियमन राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के द्वारा होता है ।

(B) राष्ट्रीय जीवन को राजनीतिक शक्ति प्रदत्त होती है ।

(C) शक्ति के कार्यान्वयन के लिये प्रतिनिधित्व उत्कृष्ट तरीका नहीं है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

81. उपर्युक्त गद्यांश के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य है ?

(A) प्रबुद्ध अराजकता अत्यन्त सामान्य है ।

(B) आत्म-नियमन, प्रबुद्ध अराजकता की ओर ले जाता है ।

(C) आत्म-नियमन का अर्थ आत्म-प्रतिनिधित्व होता है ।

(D) जब कोई आत्म-नियमन नहीं होता तो राष्ट्रीय जीवन आदर्श हो जाता है ।

82. थोरो के कथन का अर्थ क्या है ?

(A) वास्तविक शासन का रास्ता शासन के अभाव की ओर ले जाता है ।

(B) वह शासन व्यवस्था सर्वश्रेष्ठ है जो कम से कम शासन करे ।

(C) शासन के अभाव का अर्थ सर्वाधिक अच्छे शासन से होता है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

निर्देश (प्रश्न संख्या 83-87) : यदि कोई सार्वभौमिक एवं सर्वव्यापी सत्य की आत्मा से साक्षात्कार करना चाहता है तो उसे सृष्टि के लघुतम सृजन से भी आत्मवत प्रेम करना होगा और जो व्यक्ति ऐसा करना चाहता है वह जीवन के किसी क्षेत्र से पृथक रह कर ऐसा नहीं कर सकता । इसी कारण सत्य के प्रति मेरे समर्पण ने मुझे राजनीति में खींचा और मैं यह दावे के साथ परन्तु पूर्ण विनम्रता से कह सकता हूँ कि जो लोग यह कहते हैं कि धर्म का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है वे धर्म का अर्थ नहीं समझते ।

प्रत्येक जीवित प्राणी से एकात्मकता का भाव बिना आत्मशुद्धि के असंभव है और बिना आत्मशुद्धि के अहिंसा के नियम का पालन एक दिवा स्वप्न रह जाएगा; ईश्वर की अनुभूति उसे ही हो सकती है जो हृदय से शुद्ध हो । इसलिये आत्मशुद्धि का अर्थ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शुद्धता है । आत्मशुद्धि संक्रामक है ।

83. गद्यांश के अनुसार निम्न में से कौन सा सही है ?

(A) राजनीति एवं धर्म पृथक नहीं हैं ।

(B) राजनीति एक पवित्र व्यवसाय है ।

(C) राजनीति का संदर्भ शक्ति से है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

84. उपर्युक्त गद्यांश से कौन सा कथन निष्कर्षत: निकाला जा सकता है ?

(A) सत्य एवं प्रेम असम्बद्ध हैं ।

(B) सत्य एवं प्रेम आत्मिक रूप से जुड़े हैं ।

(C) सत्य सार्वभौमिक आत्मा की खोज है ।

(D) मानव तुच्छ प्राणी होते हैं ।

85. गद्यांश के आधार पर कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(i) ईश्वर एवं सत्य की अनुभूति के लिये हमें छोटे से छोटे जीवित प्राणी में अपना बिम्ब दिखना चाहिये ।

(ii) ईश्वर का वास पवित्र हृदय वालों में होता है ।

(A) मात्र निष्कर्ष (i) सही ।

(B) मात्र निष्कर्ष (ii) सही ।

(C) दोनों (i) एवं (ii) निष्कर्ष सही ।

(D) निष्कर्ष (i) एवं (ii) दोनों सही नहीं ।

86. उपर्युक्त गद्यांश से निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता ?

(A) हृदय की विशुद्धता ईश्वर तक ले जाती है ।

(B) आत्मशुद्धि एक संक्रामक प्रक्रिया है ।

(C) अहिंसा के साथ आत्मशुद्धि नहीं हो सकती ।

(D) आत्मशुद्धि कठोर तपस्या के पश्चात् आती है ।

87. गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सत्य नहीं है ?

(A) सत्य की अनुभूति के लिये हमें प्रत्येक प्राणी से प्रेम करना चाहिये ।

(B) प्रेम सभी मनुष्यों की मूल अभिलाषा होती है ।

(C) सत्य की खोज करने वाला व्यक्ति उसे राजनीति में भी देखता है ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

88. "भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों तक भली-भाँति प्रकट कर सकता है ।" यह कथन किसका है ?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) कामता प्रसाद गुरु

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) किशोरीलाल वाजपेयी

89. समुद्रगुप्त "भारत का नेपोलियन" था । यहाँ नेपोलियन किस प्रकार की संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) व्यक्तिवाचक

(B) जातिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

90. निम्नलिखित में कौन सा अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है ?

(A) कुछ भी

(B) कुछ-न-कुछ

(C) सब कुछ

(D) जो, वह

91. द्विकर्मक वाक्य में कर्मकारकीय विभक्ति 'को' किस पद के साथ प्रयुक्त होती है ?

(A) प्रधान कर्मपद के साथ

(B) क्रियापद के साथ

(C) गौण कर्मपद के साथ

(D) कर्तापद के साथ

92. 'समुद्रोर्मि' का सही संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) समुद्र: + ऊर्मि

(B) समुद्र् + ओर्मि

(C) समुद्र + ऊर्मि

(D) समुद्रो + ऊर्मि

93. 'भारतीय' शब्द का बहुवचन क्या होता है ?

(A) भारतीयों

(B) भारती

(C) भारतियों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

निर्देश : प्रश्न संख्या **94** से **98** के उत्तर निम्नलिखित अवतरण के आधार पर दीजिए ।

"पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति में बहुत-सी अच्छी बातें होते हुए भी वह मूलत: अधिकार प्रधान, भोग प्रधान है, उसमें अपने सुख की प्रवृत्ति प्रधान है । इसलिए यहाँ प्रधान जोर शरीर-सुख-भोग तथा उसके निमित्त अगणित साधन जुटाने की ओर है; जबकि भारतीय संस्कृति अनेक बुराइयों के होते हुए भी मुख्यत: धर्म प्रधान, कर्तव्य प्रधान, त्याग और तपस्यामूलक संस्कृति है । विश्व मानव या विश्व-मानवता एवं संस्कृति का निर्माण तभी संभव है जब मनुष्य अपने शरीर का विचार इस सीमा तक न करे कि उस प्रयत्न में वह आत्मा, वह प्राणज्योति ही तिरोहित हो जाये जो मानव को मानव बनाती है । स्पष्टत: भारतीय संस्कृति में, अहिंसक जीवन निर्माण की, दूसरों के लिए जीने की सम्भावनाएँ अधिक होने से गांधीजी का विश्वास था कि भारतीय संस्कृति ही हमारे जीवन का दीप है और वही विश्व-संस्कृति या विश्व-मानवता की आधारशिला बन सकती है ।"

94. पाश्चात्य संस्कृति के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है ?

(A) वह शारीरिक सुख को प्रधानता देने वाली संस्कृति नहीं है ।

(B) वह भारतीय संस्कृति से उत्प्रेरित है ।

(C) वह भौतिकवादी संस्कृति है ।

(D) वह आत्मवादी और आस्थाप्रधान संस्कृति है ।

95. इनमें से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) पाश्चात्य संस्कृति पूर्णत: निवृत्तिमूलक है ।

(B) पाश्चात्य संस्कृति सुख भोग के साधन नहीं जुटाती ।

(C) पाश्चात्य संस्कृति मानव जीवन का दीप है ।

(D) भारतीय संस्कृति में दूसरों के लिए जीने का भाव प्रधान है ।

96. मानव, मानव नहीं रह जाता जब .....

(A) वह मात्र अपने निमित्त सुख-सुविधाएँ जुटाने का आग्रही नहीं होता ।

(B) वह भोगवाद के पीछे अंधी दौड़ नहीं लगाता ।

(C) उसके भीतर की प्राणज्योति तिरोहित होने लगती है ।

(D) वह जीवन को विश्व-मानवता के संदर्भ में देखता है ।

97. निम्नलिखित में भारतीय संस्कृति की विशेषता कौन सी नहीं है ?

(A) परार्थ के लिए जीने की प्रवृत्ति ।

(B) अहिंसक जीवन निर्माण की प्रवृत्ति ।

(C) प्राणज्योति की उपेक्षा की प्रवृत्ति ।

(D) धर्म, कर्तव्य, त्याग और तपस्या की प्रवृत्ति ।

98. उपर्युक्त गद्यांश के –

"... वही विश्व-मानवता की आधारशिला बन सकती है ।" – वाक्य में 'वही' सर्वनाम किसके लिए आया है ?

(A) प्रवृत्तिमूलकता के लिए ।

(B) निवृत्तिमूलकता के लिए ।

(C) विश्वसंस्कृति के लिए ।

(D) भारतीय संस्कृति के लिए ।

99. निम्न में से कौन सी 'दिनकर' की रचना नहीं है ?

(A) उर्वशी

(B) कुरुक्षेत्र

(C) मृगनयनी

(D) रश्मिरथी

100. "मंगल भवन अमंगल हारी ।

द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी ।।"

इन पंक्तियों में किस छन्द का प्रयोग हुआ है ?

(A) सोरठा

(B) चौपाई

(C) दोहा

(D) सवैया